-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जन जनता की शिकायतें सुन किया गया उनकी निस्तारण।**
- **श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा थाना जसपुरा पर, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सुनी गई जनता की शिकायतें।**

विवरण- जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 14.09.2024 को जनपद समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर **थाना जसपुरा पर श्रीमान् मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह** द्वारा जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान थाना जसपुरा पर कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर टीम भेजकर तत्काल निस्तारण कराया गया जबकि शेष 07 शिकायतें राजस्व विवाद से संबंधित थी जिनके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर जांच एवं निस्तारण हेतु भेजा गया। थाना समाधान दिवस पर **जिलाधिकारी बांदा श्री नागेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली देहात** पर जनता की शिकायतें सुनी गई, इस दौरान कुल 02 शिकायतें प्राप्त हुई जो राजस्व से संबंधित थी, जिसमें मौके पर टीम भेजकर निस्तारण कराय गया। इसी क्रम में **अपर जिलाधिकारी बांदा श्री राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना कोतवाली देहात** पर जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 38 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।